# YASH VIDYA MANDIR

**(OCTOBER TO JANUARY- 2021-22)** **SCHOOL REPORT**

1. गाँधी जयंती सप्ताह हर्षोउल्लास से संपन्न हुआ। परियोजना की भाँति कक्षावार कार्य हुआ,जिसमें गाँधी जी की चिट्ठी बच्चो के नाम,बच्चों का जवाब गाँधी जी के नाम,प्रेरक प्रसंग,गाँधी जी का भारत स्वप्न तथा सौहार्द हेतु भजन का आयोजन हुआ। Class VI-A & B ने अति मनोहारी ढंग से गतिविधियों को संपन्न कराया,चिट्ठी लिखकर बच्चे जवाब भी दे रहे है।
2. अनुजा मैम द्वारा विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया गया जिसके अंतर्गत मैम 12-D के साथ प्रेरणाप्रद वार्तालाप, Class-IV –XII गणित शिक्षकों के साथ K-Yan का उपयोग कर गणितीय गतिविधियों के विडियों पर सार्थक चर्चा तथा क्रियान्वयन पर वार्ता की गयी यह भ्रमण हम सभी के लिए अति उपयोगी रहा।
3. हेड ऑफिस के तत्वाधान में आयोजित Maths Sharing of the best practices में विद्यालय से मेरे व नीतू मैम के साथ गणित विभाग के सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जहाँ से विशिष्ट पाठ्यक्रम के तरीको की समझ का विकास हुआ।
4. Class VII-A & B का जीवन कौशल कैम्प बेहतर तैयारी और रचनात्मक प्रतिभागिता के साथ कुशलता से संपन्न हुआ।
5. NAS के अंतर्गत विद्यालय से 18 शिक्षकों का चयन CBSE board द्वारा स्थानीय मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षणिक क्रियाकलाप एंव सुविधाओं के गहन ऑडिट हेतु किया गया इसके अंतर्गत प्रसून सर एवं CBSE द्वारा चार चरणों में शिक्षक समूह को प्रशिक्षित किया गया। ।
6. NTT प्रांगण में NBT bus पुस्तक भण्डार का निरीक्षण करने कालेन्द्र सर व आशुप्रिया मैम गये,साथ आवश्यकतानुसार रोचक पुस्तकों का क्रय किया।
7. INTACH के अंतर्गत अयोध्या के प्रख्यात पखावज वादक श्री विजय राम दास जी का ओजपूर्ण मृदंग वादन प्रस्तुतिकरण हुआ,संपूर्ण वातावरण में मृदंग की थाप एक आध्यात्मिक आनंद प्रदान कर रही थी बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की।
8. जिला स्तरीय खेलकूद रैली के अंतर्गत बच्चों ने कबड्डी एवं गोला फेंक में प्रतिभाग किया,बेहतर प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान अपने नाम किया।
9. जिला एथलेटिक्स फेडरेशन के तत्वाधान में स्टेडियम मं आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय ने अलग-अलग वर्गों में 7 स्वर्ण, 6 रजत तथा 5 कांस्य पदक प्राप्त करके गौरवान्वित किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 19 छात्रों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतिभागिता से खेलकूद विभाग एवं बच्चों में नवीन उर्जा का संचार हुआ।
10. Class X & XII की प्रथम सत्रांत बोर्ड परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। परीक्षा पश्चात् तत्काल ही बच्चों का शैक्षणिक क्रियाकलाप प्रारंभ हुआ जिसमें बच्चे पूर्ण रूचि ले रहे है। कक्षाओं का प्रारंभ बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्र के रिव्यु से प्रारंभ किया गया जिसमें परिवर्तित प्रारूप के साथ बच्चों को चुनौती कहाँ आयीा पर विशेष चर्चा सुझाव व सुधार पर विमर्श किया गया।
11. Reusable item sale का सफल आयोजन अनुजा मैम व हेड ऑफिस के निर्देशन में विद्यालय में किया गया जिसमें बच्चों,स्टाफ के साथ-साथ YPITI staff और बच्चे, YPL कॉलोनी निवासी, YPL Staff व अभिभावकों ने भ्रमण किया। सभी सहयोगी संस्थानों ने अति उपयोगी व आर्कषक स्टॉल लगाया जिससे सभी ने निरीक्षित किया व जरूरत के अनुसार क्रय किया।
12. निदेशिका मैम की अध्यक्षता में खेलकूद विभाग के साथ अति प्रेरणाप्रद बैठक का आयोजन किया गया।
13. हमारी धरोहर के भाव को संरक्षित किये हुए विद्यालय समूह ने यश मेले का रचनात्मक एवं प्रेरणाप्रद आयोजन किया। विरासत थीम पर आधारित इस वर्ष का मेला अपने आप में संदेशप्रद रहा।
14. विगत दो सप्ताह से सोसाइटी के गणित विशेषज्ञ एवं परामर्श दाता श्री दिनेश रस्तोगी हम सभी के मध्य गणित की अवधारणाओं के प्रयोज्य स्वरूप के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरणाप्रद मार्गदर्शन प्रदान कर रहे है। इसके अंतर्गत Class-V & VIII में डायग्नोस्टिक टेस्ट एवं विश्लेषण किया गया तत्पश्चात् आगामी पाक्षिक कार्ययोजना तय की गयी।
15. Class IX –XII के बच्चों का टीकाकरण अभियान सकुशल पूर्ण हुआ।

16. Class XII के बच्चों का भीमताल भ्रमण हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ,इसके अंतर्गत बच्चों ने भीमताल,नैनीताल के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया,साथ ही करकोटक पर्वत पर पर्वतारोहण गतिविधि की जिसका अनुभव बहुत ही रोचक एवं साहसी रहा। इसी क्रम में रस्तोगी सर द्वारा बच्चों के साथ **"आओं जानें पर्यावरण एवं हमारा योगदान"** पर विशेष उपयोगी चर्चा की।

17. CBSE के तत्वाधान में आयोजित 50 घंटे के अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का II module प्रारंभ हुआ,जो दो दिवसीय रहा जिसमें मेरे द्वारा सक्रिय प्रतिभागिता की गयी।

18. All India Sahodaya Confrence में मेरे द्वारा सहभागिता की गयी,जिसमें CBSE केंद्रीय कार्यालय से चेयरमैन श्री मनोज आहूजा,सेक्रेटरी श्री अनुराग त्रिपाठी,श्री जोसेफ इमैनुअल,श्री विश्वजीत साहा एवं श्री संयम भारद्वाज ने ओपेन हाउस का आयोजन किया।

19. सोसायटी की माननीय सदस्या श्रीमती लक्ष्मी कौल मैम एवं उनके शिक्षक समूह द्वारा वेबीनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक- **Switching from Virtual to Physical Classes & again Physical to Virtual Classes-Challenges** इसके अंतर्गत शीर्षक संबंधी चुनौतियों की पूर्व प्रेषित सूची पर मैम की टीम ने अपनी Best Practices share की,तत्पश्चात् हमारे शिक्षक समूह के प्रश्नों का गहन चर्चा के साथ उत्तर भी दिया।

20. CBSE के तत्वाधान में आयोजित प्रमुख गतिविधि "परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत विद्यालय से कुल 77 बच्चे,स्टाफ एवं अभिभावक प्रतिभागिता हेतु नामांकन करवा चुके है। संपूर्ण गतिविधि संबंधी निर्देशन प्रसून सर द्वारा सभी को दिया जा रहा है।

21. CBSE के तत्वाधान में आयोजित **"UPSKILLING OF TEACHERS ON NEW AGE TECHNOLOGY' by CBSE in collaboration with NASSCOM"** Programme में विद्यालय से 9 शिक्षको ने प्रतिभागिता हेतु नामांकन किया।

22. CBSE के तत्वाधान में आयोजित **"Principals'/Teachers' Consultation for CBSE Learning Standards Frameworks of Classes IX-X"** Programme में विद्यालय से 7 शिक्षको ने प्रतिभागिता हेतु नामांकन किया गया विषय व विभागानुसार रहा।

23. INTACH समूह द्वारा आयोजित JB Academy प्रांगण में पोस्टर एवं लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया,जिसकी थीम-विरासत संरक्षण रही।

24. मेरे एवं आयु मित्रों द्वारा निरंतर आरोग्यकर समूह की दो ऑनलाइन बैठक में सहभागिता की गयी,जिसका शीर्षक क्रमशः **"कोविड आपदा के समय स्वास्थ्य की देखभाल"** एवं **"आरोग्यकर मासिक रिपोर्ट"** रहा। उत्तर प्रदेश के सभी आरोग्यकर गतिविधियों में अयोध्या जनपद तृतीय स्थान पर रहा प्रशंसा के साथ-साथ कई उपयोगी सुझाव हम सभी को प्राप्त हुए।

25. **"विरासत संरक्षण हमारे हाथ में"** थीम पर आधारित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम अति रोचक एवं सारगर्भित रहा।

**आगामी योजनाएं -**

- गणित की आधाभूत अवधारणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का विश्लेषण
- गणित प्रशिक्षण हेतु श्री दिनेश रस्तोगी सर का साप्ताहिक भ्रमण
- सामान्य ज्ञान पाठ्यक्रम समीक्षा
- मलखम प्रशिक्षण का शुभारंभ

# अभिभावक संगोष्ठी में आये सुझाव (2021-22)

| सुझाव | क्रियान्वयन |
|---|---|
| Offline Classes में बच्चे गृहकार्य एवं परियोजना कार्य हेतु मोबाइल पर निर्भरता | निरीक्षण के दौरान मिडिल की दो कक्षाओं में गृहकार्य पोस्ट किया गया। शिक्षक समूह के साथ गंभीर चर्चा करके निर्देशित किया गया कि बच्चों को स्वाध्याय एवं गतिविधि हेतु प्रेरित करें। |
| बच्चों की लेखन गति बहुत धीमी हो गयी है,जिसकी वजह से वे लिखने में अरूचि ले रहे है। | सप्ताह में तीन बार विशेष समयावधि नियम के अंतर्गत श्रुतलेख कराया जा रहा है,मौलिक लेखन अभिव्यक्ति के सुअवसर को समय प्रबंधन के साथ संबद्ध करके गतिविधि करायी जा रही है। |
| बोलने में हिचक तथा आंशिक भय है। | स्पीच थैरपी विशेषज्ञ डा.विनोद यादव के साथ विद्यालय से 12 बच्चे चिन्हित करके विशेष भाषा चिकित्सीय गतिविधि कर रहे है। |